दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com रांची, मंगलवार, 4 फरवरी 2020 माघ, शुक्ल पक्ष, दशमी, विक्रम संवत-2076, वर्ष-04, अंक-219, पृष्ठ-12, मूल्य-3.00, रांची (झारखंड), बिलासपुर-रायपुर (छत्तीसगढ़) एवं भोपाल (मध्यप्रदेश) से एक साथ प्रकाशित

न्यूज गैलरी

दुष्कर्म के आरोपी स्वामी चिन्मयानंद को इलाहाबाद हाईकोर्ट से मिली जमानत

प्रयागराज : लॉ की छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी स्वामी चिन्मयानंद को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने जमानत पर निर्णय सुनाते हुए चिन्मयानंद को रिहा करने का आदेश दिया है। इस मामले में पीड़ित छात्रा और उसके साथियों की जमानत हाईकोर्ट से पहले ही मंजूर हो चुकी है। छात्रा और उसके साथियों पर चिन्मयानंद से रंगदारी मांगने का आरोप है। चिन्मयानंद के खिलाफ उनकी शिष्या ने वर्ष 2011 में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने, गले में रस्सी से फंदा कसकर जान से मारने की कोशिश और बार-बार गर्भपात कराने आदि का आरोप लगाया था।

शेष पेज 12 पर

एक तरफ राहुल बाबा और केजरीवाल एंड कंपनी, दूसरी तरफ देशभक्तों की टोली : शाह

नई दिल्ली : दिल्ली विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के समर्थन में बड़े नेताओं का धुआंधार प्रचार जारी है। भाजपा नेता व गृह मंत्री अमित शाह आज दिल्ली में कई रैलियों को संबोधित कर रहे हैं।

मुंडका रैली में अमित शाह ने कहा : जब आप 8 फरवरी को वोट करें, तो आप ये मत सोचना कि ये वोट सिर्फ भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए है। आपका वोट दिल्ली और देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाला भी है, नरेंद्र मोदी जी के हाथ मजबूत करने वाला है।

शेष पेज 12 पर

सेना का हेलिकॉप्टर चीता रियासी में हुआ क्रैश दोनों पायलट सुरक्षित

जम्मू : जम्मू संभाग के रियासी में सोमवार सुबह करीब 11 बजे सेना का हेलिकॉप्टर चीता क्रैश हो गया। इस दौरान हेलिकॉप्टर सवार दोनों पायलट को सुरक्षित निकाल लिया गया। वहीं किन वजहों से

चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने कहा

शाहीन बाग एक संयोग नहीं बल्कि प्रयोग है

नई दिल्ली : दिल्ली विधानसभा चुनाव में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली चुनावी रैली हो रही है। इस रैली को लेकर भाजपा ने पूरी तैयारी कर ली है। पीएम की पहली चुनावी रैली कड़कड़डूमा के सीबीडी ग्राउंड में है। इस रैली में समर्थकों की भीड़ जुटनी जुटनी शुरू हो गई है। रैली वाली जगह पर लोग झंडे और भाजपा के पक्ष में नारेबाजी कर रहे हैं।

पीएम ने शाहीन बाग का उठाया मुद्दा : पीएम ने शाहीन बाग का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह संयोग नहीं प्रयोग है। बता दें कि शाहीन बाग में पिछले कई दिनों से सीएए और एनआरसी को लेकर प्रदर्शन हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के टुकड़े-टुकड़े करने वाले गैंग को बचाया जा रहा है।

शेष पेज 12 पर

फिर बदलेगा झारखंड में मौसम, अगले तीन दिनों तक हो सकती है बारिश

रांची : झारखंड में मौसम का मिजाज एक बार फिर से बदलने वाला है। राज्य के कुछ हिस्सों में मंगलवार से अगले तीन दिन बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को राज्य के कुछ स्थानों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। पांच फरवरी को राज्य के दक्षिण भाग पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा व सरायकेला में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

वहीं, 6 फरवरी को रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ में बारिश की संभावना है। हालांकि सोमवार को मौसम साफ है। तेज धूप है और बारिश की भी संभावना। मौसम वैज्ञानिक डॉ एसडी कोटाल ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि 6 फरवरी को मध्य भाग में बारिश की संभावना है।

इस दौरान हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ गर्जन एवं वज्रपात की भी संभावना है। इधर, रविवार को रांची का न्यूनतम तापमान शनिवार के मुकाबले 2।1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं अधिकतम तापमान में दशमलव चार डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई।

दुष्कर्म का आरोपी पीड़िता की हत्या करने पहुंचा उसके घर, ग्रामीणों ने पिटाई के बाद सौंपा पुलिस को

- आरोपी ने घर में घुस चलाई गोली पर मिस फायर होने से पीड़िता बाल-बाल बची
- साढ़ू की बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोपी केस वापस लेने का बना रहा था दबाव

खूंटी : मुरहू थाना क्षेत्र स्थित मारंगटोली में रविवार की शाम दुष्कर्म का एक आरोपी देशी कट्टा लेकर पीड़िता के घर जा पहुंचा। उसने पीड़िता के सिर पर पिस्तौल भी तान गोली चला दी। पर वो मिस फायर होने पीड़िता बाल-बाल बच गई। तभी परिजनों आरोपी को पकड़ लिया। शोर सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपी की जमकर पिटाई शुरू कर दी। आरोपी को अधमरा करने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

आरोपी था काफी दिनों से फरार : दरअसल, तीन माह पूर्व आरोपी संतोष ने अपने साढ़ू की बेटी के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता के परिजनों ने इस मामले पर संतोष के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। तब से संतोष फरार था। आरोपी लगातार पीड़िता और उसके परिजनों को केस वापस लेने के लिए दबाव बना रहा था।

हाथ से छीना देशी कट्टा : रविवार की शाम संतोष अचानक पीड़िता के घर आ पहुंचा और उसे गोली मारने की कोशिश की। पर मिस फायर होने की वजह से पीड़िता बच गई। संतोष पर जैसे ही पीड़िता के परिजनों की नजर पड़ी, उन्होंने उसे धर-दबौचा और उसके हाथ से देशी कट्टा छीन लिया।

पिटाई से आरोपी की स्थिति हुई गंभीर : घर में शोर सुन आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जुट गए और आरोपी की पिटाई शुरू कर दी। ग्रामीणों की पिटाई से आरोपी संतोष स्थिति काफी गंभीर हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने संतोष को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है और मामले की जांच में जुट गई है।

स्वास्थ्य व्यवस्था की असंवेदनशीलता हरगिज बर्दाश्त नहीं होगी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा- स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ बने इसके लिए जल्द सरकार आवश्यक कदम उठाएगी

रांची : एंबुलेंस नहीं आई तो कंधों पर गर्भवती को उठाया, वह कराहती रहीं, इधर रिम्स में ढोए जा रहे फर्नीचर शीर्षक से छपी खबर पर रविवार को मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर यह कहा है की स्वास्थ्य व्यवस्था की असंवेदनशीलता हरगिज बर्दाश्त नहीं होगी। रिम्स प्रबंधन एम्बुलेंस के ऐसे दुरुपयोग पर सम्मिलत लोगों पर कार्रवाई कर सूचित करे। अन्य अस्पताल भी देखे ऐसी पुनरावृत्ति न होने पाए। स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ बने इसके लिए जल्द सरकार आवश्यक कदम उठाएगी।

दरअसल, 10 दिन पहले रांची के ठाकुरगांव में एक महिला प्रसव पीड़ा से कराह रही थी, पर एंबुलेंस उनके घर तक नहीं पहुंच पाई थी। लोगों ने उन्हें चारपाई पर लिटाया और कंधों पर उठाकर कुछ दूर तक पहुंचाया। मुख्य सड़क पर आए तो एंबुलेंस नसीब हुई। वहीं, शनिवार को सरकारी अव्यवस्था का दूसरा दृश्य रिम्स में दिखा। पावर ग्रिड कारपोरेशन ने रिम्स को दो एंबुलेंस दी। पर प्रबंधन द्वारा नहीं चलाने से स्वास्थ्य विभाग ने एक एंबुलेंस मंगा ली। जबकि दूसरी एंबुलेंस का इस्तेमाल रिम्स प्रबंधन कुर्सी-टेबुल ढोने में कर रहा है।

लॉग बुक में इंट्री कर एंबुलेंस से टेबुल कुर्सी ढोया गया : पावर ग्रिड की ओर से दिए गए एंबुलेंस के लॉग बुक में इंट्री कर टेबुल-कुर्सी ढोए गए। लॉग बुक के अनुसार दो बार एंबुलेंस अधीक्षक आफिस से नए प्रशासनिक भवन में फर्नीचर लेकर गया। जानकारी के अनुसार, रिम्स के एक अधिकारी के कहने पर ही एंबुलेंस इंचार्ज की ओर से लॉग बुक में इंट्री कर एंबुलेंस को भेजा गया। हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है। लॉग बुक में गैर चिकित्सकीय कार्य में एंबुलेंस के इस्तेमाल की इंट्री की गई है। रिम्स अधिकारियों के कहने पर एंबुलेंस को ऐसे कार्यों के लिए भेजा जाता रहा है।

कोयला खदान में हुआ हादसा एक की मौत, दो घायल

धनबाद : ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (ईसीएल) के एक खदान में सोमवार सुबह एक हादसे में मजदूर की मौत हो गयी। मुगमा एरिया के राजपुरा कोलियरी में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से एक मजदूर की वहीं मृत्यु हो गयी, जबकि दो अन्य घायल हो गये। घायलों का गुपचुप तरीके से इलाज कराया जा रहा है।

मृतक के शव को गलफरबाड़ी ओपी पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। इस संबंध में राजपुरा कोलियरी प्रबंधक रामबाबू सिंह गलफरबाड़ी ओपी में लिखित शिकायत की है। ईसीएल मुगमा एरिया के राजपुरा कोलियरी में सोमवार सुबह पांच बजे जोरदार आवाज के साथ अवैध खदान बैठ गया। इसमें एग्यारकुंड उत्तर पंचायत के लगभग 35 वर्षीय मजदूर गोयरा गोराई की मौत हो गयी और केदार डोम बुरी तरह घायल हो गया। शेष पेज 12 पर

लोहरदगा में तिरंगा यात्रा पर हमले के बाद हुई हिंसा के विरोध में बेड़ो बंद

रांची : लोहरदगा जिला में संशोधित नागरिकता कानून और राष्ट्रीय नागरिकता पंजी के समर्थन में निकली रैली पर हमले के बाद उपजी स्थिति के विरोध में रांची जिला के बेड़ो प्रखंड में अघोषित बंद रहा। सोमवार को सभी दुकानें और बाजार बंद रहीं। लोगों ने अपनी दुकानें स्वत: बंद कर दीं।

बेड़ो में लगने वाला साप्ताहिक बाजार भी सोमवार को नहीं लगा। प्रखंड के तुको में भी बंद का आलम रहा। यहां भी सारी दुकानें बंद देखी गयीं। बंद का असर लापुंग में भी देखा गया, जहां बेड़ो और तुको की तरह बाजार की तमाम दुकानों के शटर बंद रहे।

उल्लेखनीय है कि 23 जनवरी, 2020 को लोहरदगा जिला में विश्व हिंदू परिषद ने तिरंगा यात्रा निकाली थी, जिस पर कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया था।

शेष पेज 12 पर

एंबुलेंस जाम में फंसी रही, मंत्री खुद को लड्डू से तौलवाते रहे : भाजपा

रांची : भाजपा ने जमशेदपुर में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के स्वागत कार्यक्रम में जाम के दौरान एंबुलेंस फंसने से दो लोगों की मौत पर सरकार को आड़े हाथ लिया है। पूरी घटना के लिए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को जिम्मेवार ठहराया है और पद से हटाने की मांग की है। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री के स्वागत में जमशेदपुर शहर को शाहीनबाग की तरह बंधक बना कर रखा गया। स्वास्थ्य मंत्री के समर्थकों ने लगभग चार घंटे तक पूरे जमशेदपुर शहर की यातायात व्यवस्था को ठप रखा। पांच एंबुलेंस जाम में फंसे रहे। दो मरीजों की इलाज के अभाव में मौत हो गयी।

प्रवक्ता ने कहा कि यह अत्यंत ही दुखद और हृदय विदारक मौत है। इसके लिए सीधे तौर पर स्वास्थ्य मंत्री जिम्मेवार हैं। हद तो तब हो गयी, जब एंबुलेंस जाम में फंसी थी और उसका ड्राइवर मंत्री के समर्थकों से जाने देने की मिन्नत करता रहा। शेष पेज 12 पर

रोजवैली घोटाला : ईडी ने शाहरुख की कंपनी समेत तीन कंपनियों की 70 करोड़ की संपत्ति जब्त

सरकार जमीन उपलब्ध कराये, तो झारखंड में खुल जायेगा आदिवासी विश्वविद्यालय : जयंत सिन्हा

रांची : भारतीय जनता पार्टी

थमा दिया गया। इस पर श्री